सृजनात्मक लेखन में डिप्लोमा (हिंदी)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर , 2010

00265

डी.सी.एच.-5 : विभिन्न सामाजिक वर्गों के लिए लेखन

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

(कुल का 70 %)

नोट : सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं। सभी प्रश्नों के अंक **समान** हैं।

---

1. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर दीजिए : **20**

   (a) किशोरों के लिए उपन्यास लेखन की प्रक्रिया का परिचय दीजिए।

   (b) बाल-कहानी के विविध रूपों पर प्रकाश डालिए।

   (c) ग्रामीण लेखन के महत्त्व और प्रासंगिकता का उल्लेख कीजिए।

2. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पर लगभग ***200*** शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए : **2x10=20**

   (a) ग्रामीण जीवन पर शहरीकरण का प्रभाव।

   (b) टेलीविजन के कार्यक्रमों में किशोर।

   (c) घरेलू और कामकाजी महिलाओं की समस्याएँ ।

   (d) कॉमिक्स और बच्चे

3. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर लगभग ***400*** शब्दों में फीचर लेख तैयार कीजिए : 20

(a) स्त्री शिक्षा का महत्त्व और प्रभाव।

(b) बदलती सामाजिक परिस्थितियाँ और किसान।

(c) किशोर वय के संदर्भ में पिता–पुत्र सम्बन्ध।

(d) बच्चों के लिए साहित्य।

4. क्या निम्नलिखित कविता किशोर वय के पाठकों के लिए उपयुक्त है? अपना मत प्रस्तुत करते हुए कविता की विवेचना कीजिए। 20

उन लोगों को
जिंदगी भर जीतने का मौका/नहीं मिला
मगर
हँसने के लिए/उन्होंने
किसी खास मौके का इंतजार नहीं किया
तमाम–तमाम दुर्घटनाओं के पार
अपनी जिद
और जिजीविषा से निखरते रहे
राक्षसी मनसूबों से लड़ते रहे
सचमुच कितने शानदार होते हैं
लड़ते हुए लोग।

5. कहानी के निम्नलिखित आरंभिक अंश का लगभग *300* शब्दों में विस्तार कीजिए : 20

झक्की बाबू का असली नाम पूछ ही न सका। उपाधि है मुखर्जी ! चेहरा एक बार देख लिया जाए तो भूलना मुश्किल है। दस वर्ष पूर्व झक्की बाबू से मेरी जान-पहचान हुई थी।